भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2367
उत्तर देने की तारीख : 09.08.2021

'जान है तो जहान है' अभियान के तहत अल्पसंख्यकों का टीकाकरण

2367. श्रीमती फूलो देवी नेतम :

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने ग्रामीण और अल्पसंख्यक क्षेत्रों के लिए 'जान है तो जहान है' टीकाकरण जागरूकता अभियान का कार्यान्वयन किया है;

(ख) यदि हां, तो आज की तारीख के अनुसार आवंटित और संवितरित निधि सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस अभियान में हिस्सा लेने के लिए धार्मिक नेताओं और अन्य प्रसिद्ध व्यक्तियों को चिन्हित करने हेतु अपनाए गए मानदंड का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय के पास इस जागरूकता अभियान की प्रगति की निगरानी करने और उसका पता लगाने के लिए कोई तंत्र मौजूद है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) से (ङ) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने आशंकाओं और अफवाहों से बचाव के लिए कोविड–19 टीकाकरण पर एक जागरूकता अभियान ''जान है तो जहान है'' शुरू किया है, जिसके तहत मंत्रालय से जुड़े विभिन्न संगठन जैसे राज्य वक्फ बोर्ड, राज्य हज समितियों, राज्य चैनलाईजिंग एजेंसियों और विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय में पैनलबद्ध परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों से आग्रह किया गया कि वे लोगों तक पहुंचें और उनमें जागरूकता फैलाएं तथा स्थानीय समुदायों के बीच टीके की झिझक को दूर करने की दिशा में काम करें। मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं के 80 लाख से अधिक लाभार्थियों तक भी पहुंच रहा है और उन्हें टीकाकरण के लाभों के बारे में अवगत करा रहा है।

उपर्युक्त के अलावा, मंत्रालय ने टीकाकरण पर जागरूकता फैलाने के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र के विभिन्न प्रसिद्ध हस्तियों (प्रभावशाली व्यक्तियों के रूप में) के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किया है। अभियान हेतु कोई अलग निधियां जारी नहीं की गई है।

******